12:01 85%

Sushant Shukla Media R...
only admins can send messages

Peshi Ram

बिलासपुर में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर एक ही कॉलोनाइजर द्वारा नगर निगम व नगर एवं ग्राम निवेश विभाग के अफसरों से मिलीभगत कर सरकारी और सेवा की जमीन हड़पने का सनसनीखेज मामला विधानसभा में गूंजा। विधायक सुशांत शुक्ला ने फर्जीवाड़ा करने वाले अफसरों पर कार्रवाई की मांग की। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने जांच कमेटी बनाने का आश्वासन दिया है।

विधायक सुशांत शुक्ला के सवाल

बिलासपुर जिला अंतर्गत वर्ष 2023-24 से 04 फरवरी 2026 तक किन-किन कालोनाईजर / कंपनी द्वारा कितनी आवासीय कालोनी / व्यावसायिक परिसर का निर्माण कहाँ-कहाँ किया गया? कालोनाईजर के नाम पता सहित निर्मित कालोनी के नाम एवं निर्माण क्षेत्रफल सहित जानकारी उपलब्ध करावें? क्या प्रश्नांश "क" की निर्मित कालोनियों / व्यावसायिक परिसरों में बुनियादी सुविधाओं का अभाव, रेरा से अनुमति प्राप्त नहीं करने अथवा निर्धारित मापदंड के अनुसार निर्माण नहीं किए जाने की शिकायतें प्राप्त हुईं अथवा विभाग के संज्ञान में आयी ? यदि हां तो किन-किन के विरुद्ध क्या-क्या शिकायतें प्राप्त हुईं तथा उन पर क्या-क्या कार्यवाही की गई ?